RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, बुधवार, 18 जनवरी, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



न्यूजीलैंड के खिलाफ मध्यक्रम में खेल सकते हैं ईशान

पेज - 12

# एनएसएस यूनिट दो के तत्वावधान में निकाली गई जागरुकता रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय में मंगलवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के चलते एनएसएस यूनिट 2 के तत्वावधान में एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को निकालने का उद्देश्य स्वयंसेवकों के माध्यम से जनमानस को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए प्रेरित करना था।

कॉलेज उपप्राचार्य कमल टंडन ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने युवकों को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ भी दिलवाई। अपने संबोधन में मैडम ने विद्यार्थियों को अमूल्य जीवन को अत्यधिक गति में वाहन चलाकर, नशे और दुर्घटनाओं में न गंवाने की शपथ दिलाई और सामाजिक कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में लगभग 70 स्वयंसेवक-सेविकाओं ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जैसे नारों के साथ यह रैली बल्लभगढ़ में सेक्टर 2 में निकाली गई। महाविद्यालय में समय-समय पर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर, स्लोगन लेखन, कविता पाठ और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी करवाया जाता है ताकि विद्यार्थियों में निजी वाहन चलाते समय और सड़क पर चलते हुए स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले लोगों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न किया जा सके। सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए युवा शक्ति अति महत्वपूर्ण माध्यम है। प्राचार्य ने एनएसएस प्रभारी. डॉ शोभना गोयल और डॉ. सुप्रिया ढांडा को रैली के कुशल संचालन के लिए बधाई दी और सभी स्वयंसेवक-सेविकाओं की भी बहुत प्रशंसा की। महाविद्यालय के डीपी मोहित हुडडा भी उपस्थित रहे।



सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरुकता रैली निकालते अग्रवाल महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के छात्र एवं छात्राएं।